भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3104

दिनांक 18 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

.....

राजस्थान में भूजल ह्रास और प्रबंधन

3104. श्री दुष्यंत सिंहः

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजस्थान में पिछले पांच वर्षों के दौरान भूजल स्तर में औसत गिरावट और राष्ट्रीय औसत की तुलना सहित विशेषकर झालावाड़-बारां लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के संदर्भ में, भूजल स्तर में ह्रास की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने राज्य सरकार के साथ समन्वय में राजस्थान में सतत भूजल प्रबंधन के लिए पंचायत और नगरपालिका स्तर पर कोई समुदाय-नेतृत्व वाली पहल या क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों को अपनाने की दिशा में फसल विविधीकरण के लिए सरकार द्वारा प्रदान की गई तकनीकी और वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है, विशेषकर बारां क्षेत्र के 920 गांवों और झालावाड़ क्षेत्र के 200 से अधिक गांवों में, जहां परवन नदी बहुउद्देशीय परियोजना और पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की प्रगति न्यूनतम है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क): केंद्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) द्वारा राजस्थान और इसके झालावाड़-बारां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित पूरे देश में मॉनिटरिंग स्टेशनों के माध्यम से वर्ष में चार बार भूमि जल स्तर की मैनुअल मॉनिटरिंग की जाती है। राजस्थान राज्य के लिए वर्ष 2024 की मानसून पश्चात की मॉनिटरिंग (नवंबर 2024) के दौरान मापा गया जिले-वार भूमि जल स्तर का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, भूमि जल स्तर में दीर्घकालिक उतार-चढ़ाव के परिप्रेक्ष्य को समझने के लिए, राजस्थान के मानसून पश्चात-2024 के जल स्तर के आंकड़ों की पिछले 5 वर्षों (वर्ष 2019-23 के मानसून पश्चात जल स्तर के आंकड़े) के औसत से तुलना की गई है, विवरण अनुलग्नक-II में प्रस्तुत किया गया है। उक्त आकंडों के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि राजस्थान में, पिछले 5 वर्षों के औसत स्तर की तुलना में वर्ष 2024 में विश्लेषण किए गए कुओं में से लगभग 62.5% कुओं के जल स्तर में वृद्धि देखी गई।

इसके अतिरिक्त, झालावाड़ और बारां जिलों के झालावाड़-बारां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मानसून पश्चात के जल स्तर के पिछले पांच वर्षों के आकड़ों की तुलना से यह ज्ञात होता है कि बारां जिले में मॉनिटरिंग किए गए लगभग 57.1% कुओं, जबकि झालावाड़ जिले में लगभग 45.5% कुओं के जल स्तर में वृद्धि के रुझान देखे गए है।

राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से, इस अवधि के दौरान पूरे देश में विश्लेषण किए गए लगभग 54.4% कुओं के जल स्तर में वृद्धि देखी गई।

(ख): 'जल' राज्य का विषय है और भूजल संसाधनों के स्थायी प्रबंधन का दायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों का है। केंद्र सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं के माध्यम से तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान कर राज्यों के प्रयासों में सहयोग प्रदान करती है। इस दिशा में, जल शक्ति मंत्रालय और अन्य केंद्रीय मंत्रालयों द्वारा सक्रिय सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से राजस्थान सहित देश में भूजल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदम निम्नलिखित हैं:

- सामुदायिक नेतृत्व वाले भूजल प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों के सहयोग से 7 राज्यों के जल की कमी वाले 80 जिलों में केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना 'अटल भूजल योजना' का कार्यान्वयन किया गया है, इन राज्यों में  राजस्थान भी शामिल था। यह ऐसी पहली योजना है जो भूजल के संरक्षण के लिए मांग पक्ष के उपायों पर ध्यान केंद्रित करती है और इसमें विकेंद्रीकृत और अधिक कुशल वाटर गवर्नेंस के लिए जमीनी स्तर पर क्षमता निर्माण भी शामिल है।
- अटल भूजल योजना के तहत व्यापक रूप से क्षमता निर्माण गतिविधियां संचालित की गई हैं। इसके अंतर्गत राज्य भर में ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर के प्रशिक्षणों के साथ-साथ 17,300 से अधिक ग्राम पंचायत स्तर के प्रशिक्षण भी आयोजित किए गए। इनमें से, बारां में 930 ग्राम पंचायत स्तरीय और झालावाड़ में 609 ग्राम पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त राज्य की सभी 1,132 'अटल जल' ग्राम पंचायतों के लिए समुदाय-आधारित जल बजट (डबल्यूबी) और जल सुरक्षा योजनाएँ तैयार की गईं और उन्हें वार्षिक रूप से अद्यतन किया गया।
- सरकार द्वारा वर्ष 2019 से राजस्थान सहित देश में 'जल शक्ति अभियान' का कार्यान्वयन किया जा रहा है । यह अभियान सक्रिय सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण तथा भूजल पुनर्भरण गतिविधियों को आरंभ करने के लिए एक मिशन मोड पर एक समयबद्ध कार्यक्रम है। स्थानीय समुदाय के साथ संवाद और जल संबंधी ज्ञान के प्रसार के लिए राजस्थान के 41 जिलों सहित देश के विभिन्न जिलों में इस अभियान के तहत 700 से अधिक जल शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं।
- जल शक्ति अभियान की गति में और अधिक तेजी लाने के लिए, 'जल संचय जन भागीदारी' कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। यह कार्यक्रम जल संरक्षण हेतु जन भागीदारी के महत्व पर बल देता है। इसका उद्देश्य कम लागत और स्थानीय रूप से उपयुक्त कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं/बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट के निर्माण पर विशेष ध्यान देना है, जिससे भंडारण क्षमता बढ़ेगी और भूजल पुनर्भरण के संवर्धन में सहायता प्राप्त होगी।

(ग): राजस्थान राज्य में, अटल भूजल योजना के तहत बारां जिले की 58 ग्राम पंचायतों और झालावाड़ जिले की 38 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। भूजल के मांग पक्ष प्रबंधन पर केंद्रित योजना होने के कारण जल की अत्यधिक खपत वाली फसलों से जल की कम खपत वाली फसलों की ओर फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना अटल भूजल योजना की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक था। व्यापक प्रशिक्षण, आईईसी गतिविधियों, जल बजट अभ्यास आदि के माध्यम से समुदाय को उनकी ग्राम पंचायतों में जल संसाधनों की उपलब्धता और खपत के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें फसल विविधीकरण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त, अटल भूजल योजना के तहत इस उद्देश्य के लिए बारां जिले को 37.21 लाख रुपए और झालावाड़ जिले को 46.46 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

*****

अनुलग्नक-I

'राजस्थान में भूजल ह्रास और प्रबंधन' के संबंध में दिनांक 18.12.2025 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 3104 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

"राजस्थान राज्य के लिए मानसून पश्चात 2024 (अपरिरुद्ध जलभृत) में प्रेक्षण कूपों के प्रतिशत जल स्तर की गहराई का जिला-वार विवरण"।

| क्र.सं. | ज़िले के नाम | विश्लेषण किये गये कुओं की सं. | कुओं की संख्या/प्रतिशत जिनमें जल स्तर की गहराई (एमबीजीएल) निम्न सीमा में पाई जाती है | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **0 to 2** | | **2 to 5** | | **5 to 10** | | **10 to 20** | | **20 to 40** | | **> 40** | |
| | | | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % |
| 1 | अजमेर | 15 | 6 | 40.0 | 6 | 40.0 | 1 | 6.7 | 1 | 6.7 | 1 | 6.7 | 0 | 0.0 |
| 2 | अलवर | 20 | 1 | 5.0 | 1 | 5.0 | 4 | 20.0 | 6 | 30.0 | 2 | 10.0 | 6 | 30.0 |
| 3 | अनूपगढ़ | 6 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 3 | 50.0 | 3 | 50.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 4 | बालोतरा | 12 | 0 | 0.0 | 3 | 25.0 | 1 | 8.3 | 2 | 16.7 | 4 | 33.3 | 2 | 16.7 |
| 5 | बांसवाड़ा | 29 | 6 | 20.7 | 18 | 62.1 | 4 | 13.8 | 1 | 3.4 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| **6** | बारां | **14** | **1** | **7.1** | **13** | **92.9** | **0** | **0.0** | **0** | **0.0** | **0** | **0.0** | **0** | **0.0** |
| 7 | बाड़मेर | 37 | 1 | 2.7 | 2 | 5.4 | 1 | 2.7 | 10 | 27.0 | 8 | 21.6 | 15 | 40.5 |
| 8 | ब्यावर | 13 | 3 | 23.1 | 4 | 30.8 | 4 | 30.8 | 0 | 0.0 | 2 | 15.4 | 0 | 0.0 |
| 9 | भरतपुर | 18 | 1 | 5.6 | 5 | 27.8 | 3 | 16.7 | 2 | 11.1 | 5 | 27.8 | 2 | 11.1 |
| 10 | भीलवाड़ा | 47 | 12 | 25.5 | 16 | 34.0 | 13 | 27.7 | 6 | 12.8 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 11 | बीकानेर | 35 | 0 | 0.0 | 1 | 2.9 | 3 | 8.6 | 9 | 25.7 | 10 | 28.6 | 12 | 34.3 |
| 12 | बूंदी | 15 | 8 | 53.3 | 3 | 20.0 | 1 | 6.7 | 3 | 20.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 13 | चित्तौड़गढ़ | 12 | 1 | 8.3 | 1 | 8.3 | 4 | 33.3 | 3 | 25.0 | 3 | 25.0 | 0 | 0.0 |
| 14 | चुरू | 28 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 3 | 10.7 | 5 | 17.9 | 12 | 42.9 | 8 | 28.6 |
| 15 | दौसा | 23 | 1 | 4.3 | 3 | 13.0 | 4 | 17.4 | 3 | 13.0 | 3 | 13.0 | 9 | 39.1 |
| 16 | डीग | 9 | 2 | 22.2 | 1 | 11.1 | 3 | 33.3 | 1 | 11.1 | 1 | 11.1 | 1 | 11.1 |
| 17 | धौलपुर | 18 | 3 | 16.7 | 6 | 33.3 | 3 | 16.7 | 2 | 11.1 | 4 | 22.2 | 0 | 0.0 |
| 18 | डीडवाना-कुचामन | 18 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 4 | 22.2 | 4 | 22.2 | 10 | 55.6 |
| 19 | डूडू | 25 | 14 | 56.0 | 10 | 40.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 1 | 4.0 | 0 | 0.0 |
| 20 | डूंगरपुर | 27 | 3 | 11.1 | 12 | 44.4 | 11 | 40.7 | 1 | 3.7 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 21 | गंगानगर | 23 | 0 | 0.0 | 3 | 13.0 | 7 | 30.4 | 10 | 43.5 | 3 | 13.0 | 0 | 0.0 |
| 22 | गंगापुर शहर | 15 | 6 | 40.0 | 2 | 13.3 | 5 | 33.3 | 0 | 0.0 | 1 | 6.7 | 1 | 6.7 |
| 23 | हनुमान गढ़ | 38 | 1 | 2.6 | 0 | 0.0 | 3 | 7.9 | 15 | 39.5 | 17 | 44.7 | 2 | 5.3 |
| 24 | जयपुर | 11 | 0 | 0.0 | 1 | 9.1 | 1 | 9.1 | 0 | 0.0 | 1 | 9.1 | 8 | 72.7 |
| 25 | जयपुर (ग्रामीण) | 72 | 1 | 1.4 | 11 | 15.3 | 7 | 9.7 | 7 | 9.7 | 12 | 16.7 | 34 | 47.2 |
| 26 | जैसलमेर | 65 | 2 | 3.1 | 2 | 3.1 | 8 | 12.3 | 14 | 21.5 | 26 | 40.0 | 13 | 20.0 |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | जालौर | 9 | 0 | 0.0 | 2 | 22.2 | 0 | 0.0 | 2 | 22.2 | 2 | 22.2 | 3 | 33.3 |
| **28** | झालावाड़ | **22** | **4** | **18.2** | **8** | **36.4** | **6** | **27.3** | **4** | **18.2** | **0** | **0.0** | **0** | **0.0** |
| 29 | झुंझुनूं | 24 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 3 | 12.5 | 21 | 87.5 |
| 30 | जोधपुर | 3 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 2 | 66.7 | 1 | 33.3 | 0 | 0.0 |
| 31 | जोधपुर (ग्रामीण) | 80 | 6 | 7.5 | 6 | 7.5 | 6 | 7.5 | 16 | 20.0 | 14 | 17.5 | 32 | 40.0 |
| 32 | करौली | 27 | 5 | 18.5 | 4 | 14.8 | 3 | 11.1 | 5 | 18.5 | 8 | 29.6 | 2 | 7.4 |
| 33 | केकड़ी | 10 | 4 | 40.0 | 4 | 40.0 | 1 | 10.0 | 1 | 10.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 34 | खैरथल-तिजारा | 11 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 7 | 63.6 | 4 | 36.4 |
| 35 | कोटा | 15 | 1 | 6.7 | 7 | 46.7 | 4 | 26.7 | 3 | 20.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 36 | कोटपुतली-बेहरोर | 12 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 1 | 8.3 | 0 | 0.0 | 2 | 16.7 | 9 | 75.0 |
| 37 | नागौर | 19 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 1 | 5.3 | 5 | 26.3 | 13 | 68.4 |
| 38 | नीम का थाना | 7 | 0 | 0.0 | 2 | 28.6 | 1 | 14.3 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 4 | 57.1 |
| 39 | पाली | 25 | 8 | 32.0 | 12 | 48.0 | 4 | 16.0 | 1 | 4.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 40 | फलौदी | 12 | 0 | 0.0 | 1 | 8.3 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 1 | 8.3 | 10 | 83.3 |
| 41 | प्रतापगढ़ | 17 | 7 | 41.2 | 7 | 41.2 | 2 | 11.8 | 1 | 5.9 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 42 | राजसमंद | 27 | 4 | 14.8 | 14 | 51.9 | 5 | 18.5 | 4 | 14.8 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 43 | सलूंबर | 8 | 2 | 25.0 | 4 | 50.0 | 2 | 25.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 44 | सांचोर | 10 | 1 | 10.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 1 | 10.0 | 4 | 40.0 | 4 | 40.0 |
| 45 | सवाई माधोपुर | 20 | 7 | 35.0 | 9 | 45.0 | 2 | 10.0 | 0 | 0.0 | 2 | 10.0 | 0 | 0.0 |
| 46 | शाहपुरा | 9 | 2 | 22.2 | 3 | 33.3 | 3 | 33.3 | 1 | 11.1 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 47 | सीकर | 38 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 1 | 2.6 | 9 | 23.7 | 28 | 73.7 |
| 48 | सिरोही | 13 | 2 | 15.4 | 1 | 7.7 | 5 | 38.5 | 5 | 38.5 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 49 | टोंक | 32 | 15 | 46.9 | 8 | 25.0 | 6 | 18.8 | 3 | 9.4 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| 50 | उदयपुर | 23 | 7 | 30.4 | 9 | 39.1 | 6 | 26.1 | 1 | 4.3 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 |
| | कुल | **1118** | **148** | **13.24** | **225** | **20.13** | **154** | **13.77** | **160** | **14.31** | **178** | **15.92** | **253** | **22.63** |

*****

‘राजस्थान में भूजल ह्रास और प्रबंधन’ के संबंध में दिनांक 18.12.2025 को लोक सभा में उत्तर के लिए देय अतारांकित प्रश्न सं. 3104 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

राजस्थान के औसत जल स्तर (मानसून पश्चात 2019 से 2023) और मानसून पश्चात 2024 (अपरिरुद्ध जलभृत) के जल स्तर और जल स्तर में जिले-वार उतार-चढ़ाव (मीटर में)।

| क्र. सं. | ज़िले के नाम | विश्लेषण किये गये कुओं की सं. | कुओं की संख्या/प्रतिशत जिनमें जल स्तर (मी.) में उतार चढ़ाव की गहराई निम्न सीमा में पाई जाती है | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उठना | | | | | | गिरावट | | | | | | उठना | | गिरावट | |
| | | | **0 to 2** | | **2 to 4** | | **> 4** | | **0 to 2** | | **2 to 4** | | **> 4** | | | | | |
| | | | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % | सं. | % |
| 1 | अजमेर | 10 | 2 | 20 | 4 | 40 | 4 | 40 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10 | 100.0 | 0 | 0.0 |
| 2 | अलवर | 9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 44.4 | 5 | 55.6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 44.4 | 5 | 55.6 |
| 3 | अनूपगढ़ | 6 | 4 | 66.7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 33.3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 66.7 | 2 | 33.3 |
| 4 | बालोतरा | 8 | 2 | 25 | 0 | 0 | 1 | 12.5 | 1 | 12.5 | 2 | 25 | 2 | 25 | 3 | 37.5 | 5 | 62.5 |
| 5 | बांसवाड़ा | 27 | 10 | 37 | 5 | 18.5 | 0 | 0 | 9 | 33.3 | 2 | 7.4 | 1 | 3.7 | 15 | 55.6 | 12 | 44.4 |
| **6** | बारां | **14** | **5** | **35.7** | **2** | **14.3** | **1** | **7.1** | **6** | **42.9** | **0** | **0** | **0** | **0** | **8** | **57.1** | **6** | **42.9** |
| 7 | बाड़मेर | 28 | 9 | 32.1 | 6 | 21.4 | 2 | 7.1 | 5 | 17.9 | 2 | 7.1 | 4 | 14.3 | 17 | 60.7 | 11 | 39.3 |
| 8 | ब्यावर | 13 | 6 | 46.2 | 1 | 7.7 | 5 | 38.5 | 1 | 7.7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12 | 92.3 | 1 | 7.7 |
| 9 | भरतपुर | 12 | 5 | 41.7 | 3 | 25 | 3 | 25 | 1 | 8.3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 11 | 91.7 | 1 | 8.3 |
| 10 | भीलवाड़ा | 47 | 12 | 25.5 | 10 | 21.3 | 13 | 27.7 | 7 | 14.9 | 2 | 4.3 | 3 | 6.4 | 35 | 74.5 | 12 | 25.5 |
| 11 | बीकानेर | 31 | 14 | 45.2 | 1 | 3.2 | 0 | 0 | 9 | 29 | 3 | 9.7 | 4 | 12.9 | 15 | 48.4 | 16 | 51.6 |
| 12 | बूंदी | 10 | 4 | 40 | 2 | 20 | 0 | 0 | 4 | 40 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 60.0 | 4 | 40.0 |
| 13 | चित्तौड़गढ़ | 12 | 4 | 33.3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 25 | 0 | 0 | 5 | 41.7 | 4 | 33.3 | 8 | 66.7 |
| 14 | चुरू | 28 | 17 | 60.7 | 1 | 3.6 | 0 | 0 | 9 | 32.1 | 0 | 0 | 1 | 3.6 | 18 | 64.3 | 10 | 35.7 |
| 15 | दौसा | 14 | 1 | 7.1 | 1 | 7.1 | 11 | 78.6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 7.1 | 13 | 92.9 | 1 | 7.1 |
| 16 | डीग | 7 | 3 | 42.9 | 2 | 28.6 | 1 | 14.3 | 1 | 14.3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 85.7 | 1 | 14.3 |
| 17 | धौलपुर | 13 | 3 | 23.1 | 6 | 46.2 | 1 | 7.7 | 2 | 15.4 | 0 | 0 | 1 | 7.7 | 10 | 76.9 | 3 | 23.1 |
| 18 | डीडवाना-कुचामन | 9 | 0 | 0 | 2 | 22.2 | 0 | 0 | 3 | 33.3 | 1 | 11.1 | 3 | 33.3 | 2 | 22.2 | 7 | 77.8 |
| 19 | दूदू | 22 | 5 | 22.7 | 11 | 50 | 6 | 27.3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 22 | 100.0 | 0 | 0.0 |
| 20 | डूंगरपुर | 19 | 7 | 36.8 | 1 | 5.3 | 0 | 0 | 6 | 31.6 | 4 | 21.1 | 1 | 5.3 | 8 | 42.1 | 11 | 57.9 |
| 21 | गंगानगर | 23 | 14 | 60.9 | 1 | 4.3 | 1 | 4.3 | 7 | 30.4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 16 | 69.6 | 7 | 30.4 |
| 22 | गंगापुर शहर | 7 | 2 | 28.6 | 2 | 28.6 | 3 | 42.9 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 100.0 | 0 | 0.0 |
| 23 | हनुमान गढ़ | 26 | 7 | 26.9 | 2 | 7.7 | 0 | 0 | 11 | 42.3 | 5 | 19.2 | 1 | 3.8 | 9 | 34.6 | 17 | 65.4 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | जयपुर | 9 | 2 | 22.2 | 1 | 11.1 | 4 | 44.4 | 1 | 11.1 | 1 | 11.1 | 0 | 0 | 7 | 77.8 | 2 | 22.2 |
| 25 | जयपुर (ग्रामीण) | 50 | 4 | 8 | 6 | 12 | 18 | 36 | 7 | 14 | 3 | 6 | 12 | 24 | 28 | 56.0 | 22 | 44.0 |
| 26 | जैसलमेर | 42 | 18 | 42.9 | 8 | 19 | 7 | 16.7 | 4 | 9.5 | 0 | 0 | 5 | 11.9 | 33 | 78.6 | 9 | 21.4 |
| 27 | जालौर | 6 | 1 | 16.7 | 0 | 0 | 1 | 16.7 | 3 | 50 | 1 | 16.7 | 0 | 0 | 2 | 33.3 | 4 | 66.7 |
| **28** | **झालावाड़** | **22** | **8** | **36.4** | **2** | **9.1** | **0** | **0** | **7** | **31.8** | **5** | **22.7** | **0** | **0** | **10** | **45.5** | **12** | **54.5** |
| 29 | झुंझुनूं | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 10 | 5 | 50 | 4 | 40 | 0 | 0.0 | 10 | 100.0 |
| 30 | जोधपुर | 3 | 1 | 33.3 | 0 | 0 | 1 | 33.3 | 1 | 33.3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 66.7 | 1 | 33.3 |
| 31 | जोधपुर (ग्रामीण) | 42 | 12 | 28.6 | 6 | 14.3 | 11 | 26.2 | 9 | 21.4 | 1 | 2.4 | 3 | 7.1 | 29 | 69.0 | 13 | 31.0 |
| 32 | करौली | 13 | 4 | 30.8 | 1 | 7.7 | 6 | 46.2 | 1 | 7.7 | 0 | 0 | 1 | 7.7 | 11 | 84.6 | 2 | 15.4 |
| 33 | केकड़ी | 9 | 6 | 66.7 | 0 | 0 | 2 | 22.2 | 0 | 0 | 1 | 11.1 | 0 | 0 | 8 | 88.9 | 1 | 11.1 |
| 34 | खैरथल-तिजारा | 9 | 2 | 22.2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 11.1 | 6 | 66.7 | 2 | 22.2 | 7 | 77.8 |
| 35 | कोटा | 13 | 4 | 30.8 | 1 | 7.7 | 0 | 0 | 6 | 46.2 | 0 | 0 | 2 | 15.4 | 5 | 38.5 | 8 | 61.5 |
| 36 | कोटपुतली-बेहरोर | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 12.5 | 1 | 12.5 | 1 | 12.5 | 5 | 62.5 | 1 | 12.5 | 7 | 87.5 |
| 37 | नागौर | 6 | 2 | 33.3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 16.7 | 0 | 0 | 3 | 50 | 2 | 33.3 | 4 | 66.7 |
| 38 | नीम का थाना | 3 | 0 | 0 | 2 | 66.7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 33.3 | 0 | 0 | 2 | 66.7 | 1 | 33.3 |
| 39 | पाली | 16 | 6 | 37.5 | 4 | 25 | 3 | 18.8 | 2 | 12.5 | 0 | 0 | 1 | 6.3 | 13 | 81.3 | 3 | 18.8 |
| 40 | फलौदी | 9 | 0 | 0 | 1 | 11.1 | 1 | 11.1 | 2 | 22.2 | 0 | 0 | 5 | 55.6 | 2 | 22.2 | 7 | 77.8 |
| 41 | प्रतापगढ़ | 17 | 7 | 41.2 | 4 | 23.5 | 1 | 5.9 | 2 | 11.8 | 2 | 11.8 | 1 | 5.9 | 12 | 70.6 | 5 | 29.4 |
| 42 | राजसमंद | 25 | 9 | 36 | 3 | 12 | 3 | 12 | 6 | 24 | 3 | 12 | 1 | 4 | 15 | 60.0 | 10 | 40.0 |
| 43 | सलूंबर | 8 | 2 | 25 | 2 | 25 | 1 | 12.5 | 3 | 37.5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 62.5 | 3 | 37.5 |
| 44 | सांचोर | 10 | 2 | 20 | 1 | 10 | 5 | 50 | 2 | 20 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 80.0 | 2 | 20.0 |
| 45 | सवाई माधोपुर | 13 | 6 | 46.2 | 3 | 23.1 | 3 | 23.1 | 0 | 0 | 1 | 7.7 | 0 | 0 | 12 | 92.3 | 1 | 7.7 |
| 46 | शाहपुरा | 9 | 6 | 66.7 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 11.1 | 1 | 11.1 | 1 | 11.1 | 6 | 66.7 | 3 | 33.3 |
| 47 | सीकर | 25 | 2 | 8 | 1 | 4 | 0 | 0 | 6 | 24 | 10 | 40 | 6 | 24 | 3 | 12.0 | 22 | 88.0 |
| 48 | सिरोही | 12 | 3 | 25 | 2 | 16.7 | 4 | 33.3 | 1 | 8.3 | 2 | 16.7 | 0 | 0 | 9 | 75.0 | 3 | 25.0 |
| 49 | टोंक | 17 | 4 | 23.5 | 7 | 41.2 | 4 | 23.5 | 1 | 5.9 | 0 | 0 | 1 | 5.9 | 15 | 88.2 | 2 | 11.8 |
| 50 | उदयपुर | 23 | 16 | 69.6 | 2 | 8.7 | 0 | 0 | 3 | 13 | 1 | 4.3 | 1 | 4.3 | 18 | 78.3 | 5 | 21.7 |
| | कुल | **824** | **263** | **31.9** | **120** | **14.6** | **132** | **16** | **163** | **19.8** | **61** | **7.4** | **85** | **10.3** | **515** | **62.5** | **309** | **37.5** |

*****